JAMNALAL BAJAJ FOUNDATION

**TRIVENI ACHARYA**

**Recipients of the Award for Development and Welfare of Women and Children - 2025**

Born: December 1, 1964

Human trafficking is a pressing global problem that continues to affect millions of people, especially the women and children. Triveni Acharya clearly stands out as a *saviour & warrior* whose widespread efforts to combat this heinous crime, has brought relief and smiles on the faces of the survivors. Witnessing their sufferings - and their courage - ignited in her a lifelong commitment to give the survivors a voice, justice, and the opportunity for a dignified future.

**Crime reporting to rescuing:** Initially, Triveni Acharya's husband, an ex-serviceman took the initiative and actively indulged in rescue operations. Triveni Acharya's journey began as a journalist, where her investigative work accidentally exposed the grim realities of human trafficking. Her inspiration stemmed from the harrowing stories of trafficked women and children she encountered during her journalism days. What began as reporting soon transformed into a mission to rescue, rehabilitate, and reintegrate survivors. Seeing the size of the problem, she decided to give up her career in journalism and became a full-time worker alongwith her husband, for this cause. In 2000, she founded Rescue Foundation, an organisation dedicated to combating human trafficking and restoring dignity to its victims. Over two decades, Triveni Acharya has led hundreds of rescue operations, transforming countless lives. In 2005, she lost her husband. Not disheartened by the loss, she decided to carry forward his work and plunged fully into the work of rescue and rehabilitation of trafficked girls.

Triveni Acharya's work is a profound reminder of the kind of difference a single woman's efforts and commitment can make. Because of her untiring commitment and purposeful intent over the last two decades, Acharya's work has been noticed and has succeeded in making a huge difference to mainstream perceptions about trafficking. The Police departments and the Department of Social Security and Welfare, Government of Maharashtra, have supported her work well. Triveni Acharya works with a network of informants and plans rescue operation with police assistance and legal support. Her informer network also comprises of people like panwalas, taxi drivers, beauty product shopkeepers, and undercover informers like college students and the youths. One of her initiatives, Team KHOJ, a dedicated search-and-rescue unit, works with police and partner NGOs to locate and free victims from trafficking networks.

**Her Beneficiaries:** Primarily the beneficiaries are women and minor girls rescued from trafficking, sexual exploitation, and abuse - often from remote villages in India, neighbouring countries, or urban slums. Many arrive traumatised, deprived of education, and in urgent need of physical, emotional, and social rehabilitation.

**Initiatives, Contributions & Experiences:** Triveni Acharya, the strong lady and a dare devil has gone full stream with four Rescue Homes across India, in Mumbai, Pune, Boisar, and New Delhi. She has continued expanding and extending its reach to encompass many states and countries from where girls are trafficked. These include Nepal, Bangladesh, Thailand and some other countries that were part of the former Soviet Union.

Under her leadership, it operates comprehensive anti-trafficking programs focusing on rescue, rehabilitation, and restoration of women and children trafficked. It provides psycho-social counselling, legal aid, vocational training, and family repatriation services through a holistic approach to survivor empowerment. Each rescued girl goes through a complete health check-up, especially for HIV AIDs, and venereal diseases. A large part of the services provided focus on legal and medical aid, as well as trauma counselling. The organization provides basic literacy classes, besides arranging school and vocational training, and college education opportunities by tying up with

different educational institutions. Holistic healthcare is fundamental to the process and group stay is facilitated for those survivors who prefer not to leave the organization. It is a comprehensive approach.

Triveni Acharya's Project Ekatra empowers survivors to become peer mentors and trainers, creating a cycle of hope, motivation and leadership. Over the years, the organisation has also expanded partnerships for skill development, higher education, and sustainable employment.

**Key Activities:** *Rescue and Investigation:* Conducts pre-and post-rescue activities including investigation of children in human trafficking, missing persons cases, collaboration with police for rescue operations, case registration, and protective home admissions.
*Healthcare Services:* Provides comprehensive health check-ups, free medical treatment and consultation, HIV/AIDS treatment, hospital referrals for advanced care, and maintains detailed health records for all rescued individuals.
*Psycho-social Support:* Offers continuous counselling for mental trauma and social problems, prepares individual case histories, provides legal counselling for court testimonies against traffickers, and files complaints on behalf of survivors.
*Education and Skills Development:* Operates four classes for basic education in English & Hindi, taught by qualified teachers covering subjects including Mathematics, History, Geography, General Knowledge, Science, and Sports. Vocational training programs include tailoring, crafts, drawing, dancing, yoga, karate, and beautician courses.

**Impact:** Since inception, Rescue Foundation has rescued over 7000 women and girls, provided shelter and care to more than 11000 survivors. Programmes like Project Ekatra and vocational training have enabled survivors to pursue independent livelihoods, while legal interventions have brought justice to many.

**Vision & Message:** Triveni Acharya's message is clear - "Rescue is only the first step. True change comes when survivors are given the tools, education, and dignity to rebuild their lives." Through relentless dedication, she continues to inspire action and compassion in the fight against trafficking. Triveni Acharya's life offers a stunning and inspiring example of her compassionate work in true Gandhian spirit of rescue and rehabilitation of women unwillingly forced into slavery and prostitution. Her leadership has reinforced this comprehensive approach, ensuring effective intervention from rescue to restoration.

**Highlights:**

Till date, over 7000 have been rescued and over 11000 women & girls sheltered. Triveni Acharya closely collaborates with police, embassies, domestic & international partner NGOs and families to rehabilitate & repatriate the survivors.

Since 2019, carried out 460 rescue operations, rescued 2041, restored, repatriated & rehabilitated 6779 girls & women and 404 traffickers were arrested.

Triveni Acharya's life offers a stunning and inspiring example of her compassionate work in true Gandhian spirit. She envisions a world where no woman or child is trapped in trafficking or exploitation.

**Awards & Recognitions:**
Udgam Women Achiever's Award
Manav Ratan Award
Government of India's Stree Shakti Award
Government of Taiwan's Democracy & Human Rights Award
USA's Women Peace Award

**Contact details:**

Triveni Acharya
President & Co-Founder
Rescue Foundation
Plot 39, Asha Kiran, Lady Fathima Road
Behind Our Lady of Remedy School
Kandivali (West)
Mumbai – 400067, Maharashtra, India
M: +919820210705
E: triveniacharya@rescuefoundation.net
W: www.rescuefoundation.net

# त्रिवेणी आचार्य

## महिला और बाल विकास एवं कल्याण के लिए पुरस्कार प्राप्तकर्ता–2025

जन्म: दिसंबर 1, 1964

मानव तस्करी एक गंभीर वैश्विक समस्या है जो लाखों लोगों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को निरंतर प्रभावित करती रही है. त्रिवेणी आचार्य स्पष्ट रूप से एक रक्षक और योद्धा के रूप में उभरी हैं, जिनके इस जघन्य अपराध से निपटने के व्यापक प्रयासों ने पीड़ितों के चेहरों पर राहत और मुस्कान लाई है. उनके कष्टों और उनके साहस को देखकर, पीड़ितों को आवाज़ उठाने, न्याय मांगने और एक सम्मानजनक भविष्य का अवसर प्रदान करने के लिए उनके मन में आजीवन प्रतिबद्धता जागृत हुई.

**अपराध की** रिपोर्टिंग से लेकर बचाव तक: शुरुआत में, त्रिवेणी आचार्य के पति, जो एक पूर्व सैनिक थे, ने पहल की और बचाव कार्यों में सक्रिय रूप से शामिल हुए. त्रिवेणी आचार्य का सफ़र एक पत्रकार के रूप में शुरू हुआ, जहाँ उनके खोजी कार्य ने मानव तस्करी की भयावह वास्तविकताओं को उजागर किया. पत्रकारिता के दिनों में तस्करी की शिकार महिलाओं और बच्चों की दर्दनाक कहानियों से उनमें प्रेरणा जागृत हुई. एक रिपोर्टिंग के रूप में शुरू हुआ यह सफ़र जल्द ही पीड़ितों को बचाने, उनके पुनर्वास और उन्हें फिर से एक साथ लाने के मिशन में बदल गया. समस्या की विकरालता को देखते हुए, उन्होंने पत्रकारिता को छोड़ने का फैसला किया और इसी उद्देश्य से अपने पति के साथ पूर्णकालिक कार्यकर्ता बन गईं. वर्ष 2000 में, उन्होंने रेस्क्यू फ़ाउण्डेशन की स्थापना की, जो मानव तस्करी से मुकाबला करने और इसके पीड़ितों का सम्मान बहाल करने के लिए समर्पित संगठन है. दो दशकों से भी अधिक समय से, त्रिवेणी आचार्य ने सैकड़ों बचाव अभियानों का नेतृत्व किया है और अनगिनत लोगों के जीवन को बदला है. 2005 में, उन्होंने अपने पति को खो दिया. इस क्षति से निराश हुए बिना, उन्होंने उनके काम को आगे बढ़ाने का फैसला किया और तस्करी की शिकार लड़कियों के बचाव और पुनर्वास के काम में पूरी तरह से जुट गईं.

त्रिवेणी आचार्य का काम इस बात का स्मरण कराता है कि एक अकेली महिला का प्रयास और प्रतिबद्धता किस तरह का बदलाव ला सकते हैं. पिछले दो दशकों में उनकी अथक वचनबद्धता और उद्देश्यपूर्ण इरादे के कारण, आचार्य के काम को लोगों ने सराहा है और वे तस्करी को लेकर मुख्यधारा में प्रचलित धारणाओं में एक बड़ा बदलाव लाने में सफल रही हैं. पुलिस विभाग और महाराष्ट्र सरकार के सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण विभाग ने उनके काम का भरपूर समर्थन किया है. त्रिवेणी आचार्य मुखबिरों के एक नेटवर्क के साथ काम करती हैं और पुलिस व कानूनी सहायता से बचाव अभियानों की योजना बनाती हैं. उनके मुखबिरों नेटवर्क में पानवाले, टैक्सी चालक, सौंदर्य प्रसाधनों के दुकानदार और कॉलेज के छात्र व युवा जैसे गुप्त मुखबिर भी शामिल हैं. उनका एक उपक्रम, टीम खोज, एक खोज और बचाव करनेवाली समर्पित इकाई है, जो पुलिस और सहयोगी गैर–सरकारी संगठनों के साथ मिलकर पीड़ितों का पता लगाकर उन्हें तस्करी के जाल से मुक्त कराती है.

**उनके लाभार्थी:** मुख्य रूप से लाभार्थी अक्सर भारत के दूरदराज के गाँवों, पड़ोसी देशों या शहरों की झुग्गियों से आनेवाली वे महिलाएँ और नाबालिग लड़कियाँ हैं जिन्हें तस्करी, यौन शोषण और उत्पीड़न से बचाया गया है. कई पीड़ित मानसिक आघात से ग्रस्त, शिक्षा से वंचित रहे हैं और उन्हें शारीरिक, भावनात्मक और सामाजिक पुनर्वास की तत्काल आवश्यकता रही है.

**पहल, योगदान और अनुभव:** एक सशक्त और साहसी महिला त्रिवेणी आचार्य ने भारत भर में मुंबई, पुणे, बोईसर और नई दिल्ली में चार बचाव गृहों के साथ अपनी पूरी ताकत लगा दी है. उन्होंने अपने प्रयासों की पहुँच का विस्तार जारी रखा है और उन कई राज्यों और देशों को भी शामिल किया है जहाँ से लड़कियों की तस्करी की जाती है. इनमें नेपाल, बांग्लादेश, थाईलैंड और कुछ अन्य देश शामिल हैं जो पूर्व सोवियत संघ का हिस्सा थे.

उनके नेतृत्व में, यह संस्था तस्करी की शिकार महिलाओं और बच्चों के बचाव, पुनर्वास और पूर्व स्थिति में लाने पर केंद्रित व्यापक तस्करी–विरोधी कार्यक्रम चलाती है. यह पीड़ितों के सशक्तिकरण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से मनोवैज्ञानिक–सामाजिक परामर्श, कानूनी सहायता, व्यावसायिक प्रशिक्षण और संबंधित परिवारों तक उन्हें पहुँचाने की सेवाएँ प्रदान करती है. बचाई गई प्रत्येक लड़की की विशेष रूप से एचआईवी एड्स और यौन संचारित रोगों के लिए पूरी स्वास्थ्य जाँच की जाती है. प्रदान की जाने वाली सेवाओं का एक बड़ा हिस्सा कानूनी और चिकित्सा सहायता के साथ–साथ आघात परामर्श पर केंद्रित है. संस्था बुनियादी साक्षरता कक्षाएं प्रदान करने के अलावा, स्कूल और व्यावसायिक प्रशिक्षण, और कॉलेज शिक्षा के अवसरों की व्यवस्था करती है, और विभिन्न शैक्षिक संस्थानों के साथ गठजोड़ करती है. समग्र स्वास्थ्य सेवा इस प्रक्रिया का मूलभूत आधार है और उन पीड़ितों के लिए सामूहिक रूप से निवास की सुविधा प्रदान की जाती है जो संगठन छोड़ना नहीं चाहते हैं. यह एक व्यापक दृष्टिकोण है.

त्रिवेणी आचार्य का प्रोजेक्ट एकत्र पीड़ितों को सहकर्मी सलाहकार और प्रशिक्षक बनने में सक्षम बनाता है, जिससे आशा, प्रेरणा और नेतृत्व का एक चक्र निर्मित होता है. पिछले कुछ वर्षों में संगठन ने कौशल विकास, उच्च शिक्षा और स्थायी रोजगार के लिए साझेदारी का भी विस्तार किया है.

**प्रमुख गतिविधियाँ:** *बचाव और जाँच:* मानव तस्करी में फँसे बच्चों की जाँच, गुमशुदा व्यक्तियों के मामलों, बचाव कार्यों के लिए पुलिस के साथ सहयोग, मामला दर्ज करना और संरक्षण गृह में बच्चों को भर्ती कराने सहित बचाव-पूर्व और बचाव-पश्चात गतिविधियाँ संचालित करता है.
*स्वास्थ्य सेवाएँ:* व्यापक स्वास्थ्य जाँच, निःशुल्क चिकित्सीय उपचार और परामर्श, एचआईवी/एड्स उपचार, उन्नत देखभाल के लिए अस्पताल सुझाव देता है और बचाए गए सभी व्यक्तियों का विस्तृत स्वास्थ्य रेकॉर्ड रखता है.
*मानसिक-सामाजिक सहायता:* मानसिक आघात और सामाजिक समस्याओं के लिए निरंतर परामर्श प्रदान करता है, व्यक्तिगत तौर पर केस का इतिहास तैयार करता है, तस्करों के विरुद्ध अदालती गवाही के लिए कानूनी परामर्श प्रदान करता है, और उत्पीड़ित लोगों की ओर से शिकायत दर्ज कराता है.
*शिक्षा और कौशल विकास:* अंग्रेजी और हिंदी में बुनियादी शिक्षा के लिए चार कक्षाएँ संचालित करता है, जिन्हें योग्य शिक्षकों द्वारा गणित, इतिहास, भूगोल, सामान्य ज्ञान, विज्ञान और खेल जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं. व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सिलाई, शिल्पकला, चित्रकारी, नृत्य, योग, कराटे और ब्यूटीशियन के पाठ्यक्रम शामिल हैं.

**प्रभाव:** अपनी स्थापना के बाद से, रेस्क्यू फ़ाउंडेशन ने 7000 से ज़्यादा महिलाओं और लड़कियों को बचाया है और 11000 से ज़्यादा पीड़ितों को आश्रय और देखभाल प्रदान की है. प्रोजेक्ट एकत्र और व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रमों ने पीड़ितों को स्वतंत्र आजीविका के साधनों को अपनाने में सक्षम बनाया है, जबकि कानूनी सहायता ने कई लोगों को न्याय दिलाया है.

**दृष्टि और संदेश:** त्रिवेणी आचार्य का संदेश स्पष्ट है – "बचाव तो सिर्फ़ पहला कदम है. सच्चा बदलाव तब आता है जब पीड़ितों को अपने जीवन के पुनर्निर्माण के लिए साधन, शिक्षा और सम्मान दिया जाता है." अथक समर्पित प्रयासों से, वह तस्करी के खिलाफ लड़ाई में क्रियाशीलता और करुणा की प्रेरणा देती हैं.

त्रिवेणी आचार्य का जीवन, अनिच्छा से गुलामी और वेश्यावृत्ति में धकेली गई महिलाओं के बचाव और उनके पुनर्वास की सच्ची गांधीवादी भावना में उनके करुणामय कार्य का एक अद्भुत और प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करता है. उनके नेतृत्व ने इस व्यापक दृष्टिकोण को सुदृढ़ किया है, जिससे बचाव से लेकर पुनर्वास तक प्रभावी हस्तक्षेप सुनिश्चित हुआ है.

आज तक, 7000 से ज़्यादा महिलाओं और लड़कियों को बचाया जा चुका है और 11000 से ज़्यादा महिलाओं और लड़कियों को आश्रय दिया गया है. त्रिवेणी आचार्य पुलिस, दूतावासों, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय सहयोगी गैर-सरकारी संगठनों और परिवारों के साथ मिलकर पीड़ितों के पुनर्वास और स्वदेश वापसी के लिए काम करती हैं.

2019 से अब तक, 460 बचाव अभियान चलाए गए हैं, 2041 को बचाया गया, 6779 लड़कियों और महिलाओं की बहाली, स्वदेश वापसी और पुनर्वासित किया गया है और 404 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है.

त्रिवेणी आचार्य का जीवन सच्ची गांधीवादी भावना से ओतप्रोत उनके करुणामयी कार्य का एक अद्भुत और प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करता है. वह एक ऐसी दुनिया की कल्पना करती हैं जहाँ कोई भी महिला या बच्चा तस्करी या शोषण के जाल में न फँसे.

**पुरस्कार और सम्मान:**
उद्गम विमेन अचीवर्स अवॉर्ड
मानव रत्न पुरस्कार
भारत सरकार का स्त्री शक्ति अवॉर्ड
ताइवान सरकार का डेमोक्रेसी एंड ह्यूमन राइट्स अवॉर्ड
अमेरिका का विमेन पीस अवॉर्ड

**संपर्क विवरण:**

त्रिवेणी आचार्य
अध्यक्ष एवं सह–संस्थापिका
रेस्क्यू फाउण्डेशन
प्लॉट 39, आशा किरण, लेडी फ़ातिमा रोड
अवर लेडी ऑफ़ रेमेडी स्कूल के पीछे
कांदिवली (पश्चिम)
मुंबई 400067, महाराष्ट्र, भारत
मोबाइल: +919820210705
ईमेल: triveniacharya@rescuefoundation.net
वेबसाइट: www.rescuefoundation.net